8HBFTQ1301

प्रथम कालांत मूल्याँकन 2012-2013(MODEL)

Third Language Hindi

कक्षा 8 | कुल स्कोर : 50

समय : 2 hrs

1. तालिका की पूर्ति करें। (3)

पाठ	प्रोक्ति	रचयिता
जैनी	....	विक्टर ह्यूगो
....	यात्रा विवरण	मधु कांकरिया
तोड़ती पत्थर	कविता	....

2. घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें। (2)
   - मधु कांकरिया की यात्रा सोनाखाली से शुरू हुई।
   - नौ-दस वर्ष का एक नन्हा मछुआरा तिकोना नीला जाल खींच रहा था।
   - एक महिला एक छोटे तिकोने नीले जाल को खींच रही थी।
   - मछुआरिन अब आँखों से ओझल थी।
3. मंगर की चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखें। (2)
   - कठिन मेहनत करनेवाला
   - झूठ बोलनेवाला
   - ईमानदार

सूचना : उचित उत्तर चुनकर लिखें।

4. तपती भूमि की तुलना कवि ने किससे की है? (1)
   (गर्द से, रुई से, चिनगारियों से)
5. जैनी के पति कहाँ गया था? (1)
   (मछली बेचने,मछली पकड़ने,मछली खरीदने)
6. मछुआरों का जीवन कैसा है? (1)
   (संतोषपूर्ण,संघर्षपूर्ण,साधारण)
7. 'उसके हाँफते-फूलते दम को देख मन में आया, काश! मेरा हाथ भी उस श्रम में जुड़ पाता!'-किसके दमको ? (1)
   (मछुआरे के,मछुआरे बालक के,मछुआरिन के)
8. 'नौ-दस वर्ष का एक नन्हा मछुआरा बाँस के सिरे बंधा तिकोना नीला जाल खींचता हुआ हाँफ रहा था, चिंगड़ी या झींगा मछली की टोह में'इतनी छोटी आयु से ही बच्चों को कठिन काम करना पड़ता है। इसपर आपकी क्या प्रतिक्रिया है? लिखें। (2)

rashtrabhashablog.blogspot.in

9. 'मंगर को यह बताने की ज़रूरत नहीं कि कल किस खेत में हल जाएगा।' - इस वाक्य से लेखक ने मंगर के किस स्वभाव पर प्रकाश डाला है? (2)

10. 'गुरु हथौड़ा हाथ
करती बार-बार प्रहार
सामने तरु-मालिका अट्टालिका प्राकार' - वास्तव में औरत के प्रहार किसपर पड़ते हैं? अपना विचार लिखें। (2)

सूचना : निम्न लिखित कवितॉंश पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नव प्रभात जो आया है
सबके मन को भाया है
रवि ने स्वर्णिम किरणों से
जग-जीवन चमकाया है।
ओस की नन्ही बूँदों ने
फूलों को नहलाया है



11. कवि ने किरणों के लिए कौन-सा विशेषण दिया है? (1)

12. 'सूर्य' का समानार्थी शब्द है- (किरण, रवि, ओस) (1)

13. फूलों को किसने नहलाया? (1)

14. कविता का आशय लिखें। (3)

15. निम्नलिखित अंश का संशोधन करके लिखें। (2)
सुबह थूप निकल आई थी। लेकिन अपने चिर अभ्यास के अनुसार मैं आँखें मूंधे रसाई से लिपड़ा पड़ा था।

rashtrabhashablog.blogspot.in

सूचना : निम्न लिखित गदयाँश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हम सबेरे नौ बजे श्रीनगर पहुँच गए। श्रीनगर कश्मीर की राजधानी है। यह झलम नदी के किनारे पर है। श्रीनगर झीलों का नगर है।'**डल**'यहाँ की बहुत बड़ी झील है। यह श्रीनगर के प्राण हैं। यह झील चार मील लंबी और ढाई मील चौड़ी है। इसमें नाव-घर (Boat house)चलते हैं। हम ने आधे घंटे तक इसमें यात्रा की। फिर हम शहर देखने गए। सारा शहर फूलों से भरा रहता है। '**शालिमार**'यहाँ का प्रमुख उद्यान है।

16. श्रीनगर को झीलों का नगर कहने का क्या कारण होगा? (1)

17. इसमें - सर्वनाम और प्रत्यय अलग करके लिखें। (2)
(यह + में, वह + में, वे + में)

18. मातृभाषा में अनुवाद करें। (3)

श्रीनगर कश्मीर की राजधानी है। यह झलम नदी के किनारे पर है। श्रीनगर झीलों का नगर है। **'डल'** यहाँ की बहुत बड़ी झील है।

सूचना : 19 से 23 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। (3X4=12)

19. 'मंगर' रेखाचित्र के अंतिम भाग के आधार पर रामवृक्ष बेनीपुरी की एक दिन की डायरी लिखें।

20. बिंदुओं को विकसित करके लेख लिखें।

- बालश्रम
- इसके कारण
- इसके परिणाम
- निवारण के उपाय
- सरकार के कानून ...

21. जैनी के पति मछली पकड़ने गए हैं। इस संबंध में जैनी और बच्चों के बीच के वार्तालाप कल्पना करके लिखें।

22. 'ज़िंदगी के भोर से ही कैसी विडंबना! नन्हे-नन्हे हाथों में शरीर से बड़ा जाल! पर ज़िंदगी में कितने बटोर पाए वे!'- मान लें, इस दृश्य की एक रपट समाचार-पत्रों में आई। वह रपट अपनी कल्पना से लिखें।

23. उचित विराम चिह्न लगाकर वार्तालाप के अंश का पुनर्लेखन करें। (3)

पहला - आप कौन हैं

दूसरा - मैं हूँ राजा

पहला - सुना है यहाँ के राजा कोई शेर है

24. बालश्रम के विरुद्ध संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें। (4)

rashtrabhashablog.blogspot.in
rashtrabhashablog.blogspot.in
hindiblog.tk